# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-mail- rsuexam@gmail.com

क्रमांक 15645 /परीक्षा /परीक्षा आवेदन/**सेमेस्टर**/ऑनलाइन/2024 रायपुर,दिनांक 20/12/2024

## // अधिसूचना //

सत्र 2024–25 में पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित नवीन पाठ्यक्रम Integrated Teacher Education Program (ITEP) **बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड./बी.कॉम.बी.एड. प्रथम सेमेस्टर** में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्रों के लिए ऑनलाइन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है –

| पाठ्यक्रम का नाम | संपूर्ण शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि | विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. /बी.कॉम.बी.एड. – प्रथम सेमेस्टर (नियमित परीक्षार्थियों हेतु) | **21/12/2024 से 31/12/2024 तक** | **01/01/2025 से 05/01/2025 तक** |

**नोटः– उक्त परीक्षाओं का परीक्षा केन्द्र– विश्वविद्यालय अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर रहेंगे।**

**छात्रों के लिए ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–** सेमेस्टर परीक्षा (दिसंबर–जनवरी 2024–25) के लिए परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. परीक्षा फार्म भरने के लिए अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in होगी।**
2. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये "Create User ID" विकल्प का प्रयोग करके "User ID" बनायें।
3. Login करने के उपरांत Semester Exam. Form विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करें।
4. Fee Payment के बाद भरे हुए Exam. Form की हार्डकॉपी प्रिंट करके परीक्षार्थी अपने पास रखें।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाइन फार्म भरने के समय आती है,तो वेबसाईट में उल्लेखित हेल्पलाइन नंबर से अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा ई–मेल द्वारा **prsuunivhelpdesk@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान करें।
6. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की **पात्रता नही है** (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।
7. परीक्षार्थियों के ऑनलाइन फार्म भरने के समय पिता/पति के नाम के कॉलम रखे गये हैं जिसमें **विवाहित महिला परीक्षार्थी जिनकी अंकसूचियों में वि.वि. प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का नाम अंकित करें।**

Con..02

## // परीक्षा शुल्क विवरण //

**सत्र 2024–25 के लिए नियमित परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क का विवरण :–**

| क्र. | कक्षा / परीक्षा का नाम | परीक्षा शुल्क + अग्रेषण शुल्क (रू.) | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|
| स्नातक परीक्षाएँ | | | |
| 1 | बी.ए.बी.एड. | 1521+ 30 | **1551** |
| 2 | बी.एस.सी.बी.एड. | 1551+ 30 | **1581** |
| 3 | बी.कॉम.बी.एड. | 1521+ 30 | **1551** |

**उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगा :–**

1. अप्रवासन शुल्क –(छ.ग.के बाहर के बोर्ड **अथवा** अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए) – रू. 360
2. विवाहोपरांत नाम / उपनाम परिवर्तन शुल्क – रू. 180 (केवल महिलाओं के लिए)
3. संकाय परिवर्तन शुल्क – रू. 120
4. विषय / प्रश्नपत्र परिवर्तन शुल्क – रू. 120
5. अतिरिक्त विषय के रूप में (स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय लेने पर) – रू. 180

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. अग्रेषण शुल्क की राशि नियमानुसार महाविद्यालय / केन्द्राध्यक्ष को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी।
2. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला / महाविद्यालयों के अध्यक्ष / प्राचार्य संबंधित अध्यादेश क्रमांक 207, 208 एवं 209 के प्रावधानों के तहत छात्रों के परीक्षा आवेदन को परीक्षण उपरांत अग्रेषित करेंगे।
3. महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा जिन कक्षा / विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है,उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाएं।
4. प्राचार्य विश्वविद्यालय के अध्यादेश में छात्रों के लिए उल्लेखित न्यूनतम उपस्थिति की सत्यापन करने के पश्चात ही छात्रों के परीक्षा फार्म को ऑनलाइन अग्रेषित करेंगे।
5. द्वितीय सेमेस्टर से लेकर अंतिम सेमेस्टर तक के परीक्षार्थी अपना पूर्व में आबंटित रोल नम्बर का ही उपयोग करेंगे।
6. अग्रेषणकर्ता अधिकारी परीक्षार्थियों के पूर्व वर्ष / सेमेस्टर की समस्त अंकसूचियों को अनिवार्य रूप से परीक्षण करते हुए ही परीक्षा आवेदन को अग्रेषित करें।

**टीपः– किसी अपात्र छात्र के द्वारा Online परीक्षा फार्म भरा जाता है तो उसका परीक्षा फार्म / परीक्षाफल निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।**

आदेशानुसार

27/12/24

कुलसचिव

15646

पृ.क्र. 15646 /परीक्षा/परीक्षा आवेदन/**सेमेस्टर**/ऑनलाइन/2024 रायपुर, दिनांक 20/12 /2024

**प्रतिलिपि :–**

1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि तक संबंधित परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन द्वारा भरावें।
2. स.कु.स.,गोपनीय को इस निर्देश के साथ कि दिसंबर–जनवरी 2024–25 में आयोजित होने वाले महाविद्यालयों में होने वाले परीक्षाओं की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।
3. वि.क.अ.नामांकन शाखा/उ.कु.स. विकास/उ.कु.स.,अकादमिक/प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर।
4. प्रभारी,वि.वि.मुद्रणालय/प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा (गोप.)/वित्त नियंत्रक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता, रांची–झारखंड को आवश्यक कार्यवाही हेतु,
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/ समायोजन प्रकोष्ठ/ परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यसहायकों को।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
7. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।
8. संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)